तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मार्कफेड की लचर परिवहन व्यवस्था से 121 करोड़ के धान पर मंडराया बारिश का खतरा



## खबर संक्षेप

### पीव्हीटीजी बसाहटों में 12वीं उत्तीर्ण युवाओं का करें सर्वे

**कोरबा।** ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने समेलीभांठा बसाहट में रहने वाले बिरहोर वर्ग के शिक्षित युवक जगेश्वर को प्राथमिक शाला समेलीभाठा में अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए। इस हेतु ग्राम सभा से अनुमोदन एवं आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी एसडीएम को पीव्हीटीजी बसाहटों में 12वीं उत्तीर्ण युवाओं का सर्वे कराने के निर्देश भी दिए। जिससे उन्हें उनके योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

### जूनियर बॉक्सिंग टूर्नामेंट नेशनल में खुशबू ने जीता गोल्ड मेडल



**कोरबा।** पढ़ाई में युवतियों ने युवको को लगभग पीछे छोड़ दिया है। ऐसे ही अब खेल के क्षेत्र में भी युवतियों ने अपना स्थान सुरक्षित कर रही है। हर खेल में महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में गेवरा डीएवी की कक्षा 9वी की छात्रा ने नेशनल लेवल बॉक्सिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल के साथ जिले का नाम रौशन किया है। बता दे कि आज के इस जिंदगी में पठन पाठन के साथ खेलकूद का अपना एक अलग ही स्थान हो गया है। जिसको अब स्कूल प्रबंधन भी तवज्जो दी रही है और बच्चों में खेलकूद के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी खेल के प्रति अपनी रुचि दिखा रही है। जिसका जीता जाता उदाहरण वर्तमान में गेवरा डीएवी स्कूल में कक्षा 9वीं में अध्ययन करने वाली खुशबू राठिया पिता जितेंडर रथिया है। जिसने पठन पाठन के साथ बॉक्सिंग जैसे खेल में अपनी रुचि दिखाते हुए हरियाणा में आयोजित होने वाले नेशनल बॉक्सिंग स्पर्धा में अपना स्थान बनाया और कोरबा गेवरा डीएवी का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी हासिल की है। खुशबू के अनुसार बॉक्सिंग के लिए उसके परिवार के साथ स्कूल के शिक्षकों ने उसका उत्साह वर्धन किया। साथ ही उसको इस खेल के लिए तैयारियों में भी सहयोग किया। जिसका परिणाम आज उसके द्वारा नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। खुशबू आगे भी अपना स्पर्धा के लिए तैयारी करती रहेगी और प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर कोरबा जिले का नाम रौशन करती रहेगी।

### प्रगति नगर में महिला मंडल ने किया विधायक का स्वागत



**गेवरा-दीपका।** एसईसीएल दीपका स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रगति नगर में मंदिर के महिला मंडल समिति एवं वार्ड पार्षद अरुनिश तिवारी के मार्गदर्शन में कॉलोनी की श्रद्धालु महिलाओं ने क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल का स्वागत करते हुए पुष्पहार और गुलदस्ता भेंट किया और महिलाओं ने अपने क्षेत्र के जुझारू विधायक प्रेमचंद पटेल के समक्ष कुछ मांगे रखी। जिन मांगों को विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्वागत कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी लव कुश ने प्रेमचंद पटेल को श्री राम दरबार में पूजा अर्चन करवाते हुए उनको जीत की बधाई दी। इस अवसर पर आनंद चौकसे हेमचंद्र सोनी, विशाल अग्रवाल, मुखर्जी, श्यामल दास, शिवचरण राठौर, गजेंद्र सिंह राजपूत एवं महिला मंडल के सदस्यों ने विधायक का स्वागत किया।

# 48 तैराकों को पछाड़कर स्कूल नेशनल गेम में पार्थ ने हासिल किया तीसरा स्थान

## 28 राज्यों व 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2500 तैराकों ने लिया था हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

न्यू ऐरा स्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत पार्थ श्रीवास्तव ने एक बार फिर से जिले सहित प्रदेश का मान बढ़ाया है। देश की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्विमिंग पुल में आयोजित 67वें स्कूल नेशनल गेम्स में 3 इवेंट में हिस्सा लेकर दो इवेंट में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 2500 तैराक हिस्सा लेने पहुंचे थे जिसमें पार्थ ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।

दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्विमिंग पुल में आयोजित 67वें स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन 3 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेश के 2500 से अधिक तैराक भाग ले रहे है। इसमें तीन ग्रुप अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 ग्रुप में बॉयज और गर्ल्स के तैराक भाग लेते हैं। जिसमे कोरबा जिले के न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के 11वीं के छात्र पार्थ श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव ने अपने अंडर 17 ग्रुप में अपने तीन इवेंट्स में भाग लेकर 200 मीटर फ्री स्टाइल में 2:00:04 का समय निकाल कर 54 तैराकों के बीच में तीसरा स्थान, 400 मीटर फ्री स्टाइल में भी 4:16:36 सेकेंड का समय निकालकर 48 तैराकों के बीच में तीसरा स्थान और अपने 800 मीटर फ्री स्टाइल में 8:59:52 सेकेंड का समय निकाल कर 51 तैराकों के बीच चौथा स्थान प्राप्त कर कोरबा जिले को और अपने राज्य को गौरवांवित किया है। तैराकी के खेल में अंडर 17 ग्रुप को सबसे टफ ग्रुप माना जाता है उसमे पार्थ श्रीवास्तव ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से जिले एवं राज्य को गोरोवांवित किया।

**खास बात**

- 67वें स्कूल नेशनल गेम्स दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्वीमिंग पूल पर आयोजित हुई थी प्रतियोगिता



### खेलो इंडिया में भी हुआ है चयन

पार्थ श्रीवास्तव ने इससे पूर्व 37वें नेशनल गेम्स जो कि गोवा में पणजी के कैंपल स्विमिंग पुल में आयोजित हुआ था जिसमें भी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व पार्थ ने किया था। पार्थ श्रीवास्तव के शानदार प्रदर्शन से उनका खेलो इण्डिया जो कि तमिलनाडु के चेन्नई में 27 जनवरी से शुरू होने वाले खेल में भी छत्तीसगढ से चयन किया गया है। पार्थ श्रीवास्तव कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के भतीजे हैं। पार्थ श्रीवास्तव के इस प्रदर्शन से न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के चेयरमैन किशोर साहू, स्कूल के प्राचार्य श्री राव, स्पोर्ट्स ऑफिसर सुमीत सिंह और कोरबा के खेल प्रेमियों में उत्साह है। राज्य के छत्तीसगढ स्विमिंग एसोसियेशन के सचिव सहीराम जाखड़ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बालको वन परिक्षेत्र के दूधीटांगर से फुटका पहाड़ के बीच हो रहा है काम

# बॉक्साइट की बंद खदान के रास्ते में इकोनेचर ट्रेल बॉटनिकल गार्डन हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग तीन दशक पुराने फुटका पहाड़ से बॉक्साइट की खुदाई होती थी लेकिन पिछले 35 वर्षों से यह खदान बंद पड़ा हुआ है। अब यह इलाका नेचर से भरपूर है और यही वजह है कि अब विभाग बंद पड़े रास्ते को संवारने में लगा हुआ है। जिसे वन विभाग द्वारा इकोनेचर ट्रेल के रूप में सजाने संवारने के साथ इस जीवित बॉटनिकल गार्डन के रूप में तैयार कर रहा है ताकि यहां लोग नेचर के साथ-साथ छात्र-छात्राएं इस क्षेत्र में पाए जाने वाले वनस्पतियों के बारे में भी जान सकेंगे। आने वाले दिनों में इस इलाके की रौनकता व बॉटनिकल गार्डन के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए दूरदराज से लोग पहुंचेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बालको वन परिक्षेत्र में लगभग 35 वर्ष पूर्व फुटका पहाड़ से बॉक्साइट की खुदाई हुआ करती थी लेकिन पिछले 3 दशकों से यह खदान बंद पड़ा हुआ है और यहां जाने वाला रास्ता भी बंद पड़ा हुआ था जिसकी वजह से यह पूरा इलाका जैव विविधता से भरपूर है और यहां विलुप्त प्रजाति के वन्य जीवों के साथ-साथ औषधियुक्त पौधों की भरमार है।

कोरबा वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम व एसडीओ आशीष खेलवार ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और इस इलाके को क्षेत्र की जनता व स्कूली छात्र-छात्राओं को सजाने संवारने की दिशा पर पहल की थी ताकि इस क्षेत्र की रौनकता और वनस्पतियों के बारे में लोग जान सके। वन विभाग की पहल से बंद पड़े बॉक्साइड खदान के रास्ते को डब्ल्यूबीएम सड़क बनाकर संवारने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही इस पूरे इलाके को इकोनेचर ट्रेल के रूप में डेवलप किया जा रहा है। साथ ही साथ इस क्षेत्र में पाए जाने वाले विलुप्त प्रजाति के ऐसी वनस्पति हैं जो वन औषधि से भरपूर है। इस क्षेत्र में पाए जाने वाले पौधों की खासियत है कि यह विभिन्न बीमारियों के लिए रामबाण के लिए भी इलाज के लिए काम आता है। यही वजह है कि वन विभाग अब इस जीवित बॉटनिकल गार्डन के रूप में भी तैयार कर रहा है। इकोनेचर ट्रेल में जहां बच्चे बुजुर्ग वातावरण का भरपूर आनंद ले सकेंगे तो वहीं दूर दराज से पहुंचने वाले छात्र-छात्राएं इस पूरे इलाके में जीवित बोटैनिकल गार्डन में पाए जाने वाले वनस्पति के बारे में जान सकेंगे। साथ ही साथ इन वनस्पतियों के क्या फायदे हैं और इनका इस्तेमाल किस-किस रूप में किया जाता है यह भी जान सकेंगे। वन विभाग द्वारा इसे तैयार किया जा रहा है जो काफी हद तक तैयार हो चुका है। आने वाले कुछ महीनो में वन विभाग इसे पूरी तरह से तैयार कर लेगा इसके बाद लोग इसे एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में भी जान सकेंगे और बच्चों के लिए खासतौर पर यह विशेष सौगात के रूप में रहेगी।



इस तरह बंद रास्ते को किया जा रहा है तैयार।

### भगवान कचहरी का भी है वास

जिस इलाके को वन विभाग में इकोनेचर ट्रेल के लिए सजाने संवारने का बीड़ा उठाया है वह इलाका आदिवासियों का इलाका है जहां पहाड़ी कोरवा परिवारों का बसेरा है। साथ ही इसी स्थल से कुछ ही दूरी पर आदिवासियों के आराध्य देव भगवान कचहरी का भी मंदिर है। जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार जुड़ता है इस स्थल को भी बेहतर ढंग से सजाने संवारने की दिशा पर वन विभाग प्रयास कर रहा है ताकि दूर दराज से आने वाले पर्यटकों को इस क्षेत्र के हर गतिविधियों के बारे में जानकारी मिल सके।

### ट्रैकिंग और साइकलिंग का ले सकेंगे मजा

दूधीटांगर से फुटका पहाड़ के बीच की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। यह रास्ता पिछले 35 वर्षों से बंद पड़ा हुआ था। अब वन विभाग ने इस रास्ते को सजाने संवाने का बीड़ा उठाया है क्योंकि यह पूरा इलाका घने वनों से अच्छादित है। इस इलाके में विलुप्त प्रजाति के वन्य जीव और औषधीयुक्त पौधों की भरमार भी है। इस रास्ते में लोगों को प्राण वायु मिल सकेगा और दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों व स्कूली बच्चे इस रास्ते में साइकिलिंग के साथ-साथ ट्रैकिंग का आनंद उठा सकेंगे। आने वाले कुछ वर्षों में निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी।

# निजी वाहन चालकों ने निकाली रैली



उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपते वाहन चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के निजी वाहन चालकों ने अपनी प्रमुख समस्याओं को लेकर पदयात्रा कर एक दिवसीय रैली एवं सुभाष चौक में कार्यक्रम की गई। मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी अन्य भाजपा नेता के कार्यकर्ता मौजूद रहे। निजी वाहन चालकों के पदाधिकारी ने बताया वाहन चालक का कार्य बहुत जोखिम एवं जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है। जिले के विभिन्न कंपनियों जैसे एसईसीएल, सीएसईबी, विद्युत विभाग के ऑफिशियल वाहन चालक, स्कूल वाहन चालक एवं कोरबा के विभिन्न वाहन चालकों पर निम्न प्रकार के शोषण एवं प्रताड़ना किया जाता है। समय-समय पर शासन द्वारा निर्धारित न्युनतम मजदूरी दर नही दी जाती है। ईपीएफ एवं मेडिकल कि सुविधा नहीं दी जाती है। श्रम विभाग के नियमानुसार 8 घंटे कार्य के बजाए 12 घंटे कार्य लिया जाता है। सप्ताहिक संवैतनिक छुट्टी नहीं दी जाती है। मासिक वेतन का भुगतान समय पर नहीं दिया जाता है। वाहन को लेकर शहर से बाहर जाने पर खाना भत्ता नहीं दिया जाता है। शासन के नियमानुसार वार्षिक 10 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी नही दिया जाता है। 8 घंटे कार्य के उपरांत किए गए अतिरिक्त कार्य का ओवर टाईम नहीं दिया जाता है, जिससे आर्थिक विषमता उत्पन्न हो रही है। वाहन चालकों के हक अधिकार के हनन होने से वाहन चालक आज के समय में मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से बहुत परेशान है। घर परिवार के पालन-पोषण में आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहें है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निजी वाहन चालकों के समस्या से रूबरू हुए और सभी को आश्वासन दिया कि आप सभी की समस्याओं का निराकरण बहुत जल्द किया जाएगा।

**खास बात**

- विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योगमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा भौतिक विकास है संस्कृत ज्ञान मंच के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्कूल का सहयोग रहा। परीक्षा दो स्तरों में छठी से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा पांच केंद्रों में सरस्वती शिशु मंदिर राजगामार अग्रसेन, गुरुकुल, बुंदेली, मदनपुर, कोरकोमा में किया गया, जिसमें हजारों बच्चों ने भाग लिया।

# रेलवे स्टेशन बन रहा हाईटेक और सुंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोरबा रेलवे स्टेशन को हाईटेक और सुंदर बनाने की योजना पर काम प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर जोन से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर रेल मंडल के 45 से अधिक रेलवे स्टेशनों में काम होना है। जिसमें कोरबा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इसके लिए काम प्रारंभ भी हो चुका है। निर्माण पूरा होने के बाद हमारा स्टेशन बड़े शहरों के तर्ज पर नजर आएगा, सुविधाएं बढ़ जाएगी। स्टेशन में पाथ-वे और एक्सीललेटर भी लगेगा, जिससे यात्री बिना सीढ़ी चढ़े-उतरे एक्सीललेटर में खड़े-खड़े प्लेटफार्म से ऊपर फूट ओवरब्रिज और ऊपर फूट ओवरब्रिज से नीचे प्लेटफार्म पर पहुंच सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशनों में आकर्षक गेट, वेटिंग हॉल, पाथ-वे, एक्सीललेटर, फूट ओवरब्रिज, लाइटिंग, सौंदर्गीकरण के साथ ही स्टेशन पर उपलब्ध अनुपयोगी स्थान को जोड़ते हुए एग्जीक्यूटिव लाउंज का विस्तार, सर्कुलेटिंग एरिया के प्रत्येक तरफ साइनेज, सड़कों का चौड़ीकरण, वाहन पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### स्काउट आंदोलन छात्रों, युवाओं को दे रहा नैतिक शिक्षाः लखन



स्काउट आंदोलन के माध्यम से छात्रों, युवाओं को नैतिक शिक्षा मिल रही है और उनका व्यक्तित्व निखर रहा है। स्काउट्स, गाइड्स और इससे जुड़े लोग मानव जाति की सेवा में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न आयोजन होंगे। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स द्वारा भी सेवा कार्य किया जाएगा। उक्त बातें रविवार को आयोजित रिफ्रेशर कोर्स एवं सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। इस दौरान मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लीडर्स और सर्विस रोवर्स, रेंजर्स तथा प्राचार्यगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने स्काउट गाइड के शिक्षकों से आव्हान किया कि वे स्वयं के साथ छात्रों, युवाओं और संस्था को और आगे बढ़ाने के लिए काम करें। वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री ने कहा कि जिला मुख्य आयुक्त द्वार जिला प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है। जिले में कई भवन रिक्त हैं, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रशिक्षण केन्द के लिए भवन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद शेख ने जिले की गतिविधियों की जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया। स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा दिया गया। मंच पर पार्षद द्वय नरेन्द्र देवांगन, धनश्री, पूर्व पार्षद राधे यादव, उमा भारती शराफ, प्रफुल्ल तिवारी, एएसटीसी जितेन्द्र साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त द्वय विवेक लांडे, संजय गुप्ता मंचासीन रहे। समारोह का संचालन जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल ने किया तथा आभार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर ने व्यक्त।

## पोड़ी-उपरोड़ा के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के सीईओ से की शिकायत

# पीएम आवास योजना में पात्र लोग लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी-उपरोड़ा के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के संपन्न व्यक्तियों के नाम आवास प्लस सूची में शामिल है, जिसकी वजह से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जो सही नहीं है। इसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि अपात्र लोगों के चयन से पात्र लोग योजना के लाभ से वंचित हैं।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को घर दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई थी। केंद्र सरकार ने इस योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2022 तक हर व्यक्ति को अपना घर उपलब्ध करवाना है। जिसे बढ़ा कर 2024 तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में वह हर व्यक्ति शामिल है, जो झुग्गी झोपड़ी अथवा कच्चे मकानों में रहते हैं। आवास योजना के तहत सरकार बेघर लोगों को घर बनाकर देती है। साथ ही लोन, घर या फ्लैट खरीदने वाले लोगों को लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी मिलती है। जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा एक मामला सामने आया है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में अपात्रों के चयन से पात्र योजना के लाभ से वंचित हैं। तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है। पक्का मकान और कार होने के बावजूद जिले के पोडी-उपरोड़ा के बाशिंदे का प्रधानमंत्री आवास प्लस पात्र हितग्राहियों की सूची में नाम पाया गया है। आवास प्लस सूचि में नाम रहने पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाता है। ग्रामवासियों की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया है। ग्रामवासी ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जाच की शिकायत की है शिक्रायत पत्र में बताया गया है कि सरपंच रोजगार सहायक और आवास मित्र के नाम क्यों है। सुत्रों की माने तो अमिता राज (सरपंच), बसंता बाई, राजकुमार, किरण तवर, विजय बहादुर, रोजगार सहायक सतीश कुमार, गिरवर सिंह, मान कुमार, पंच सरोज महंत, चंद्रमती नामक ये शख्स कोरबा जिले के तेहट्ट पोडी उपरोडा ब्लाक के कोनकोना ग्राम पंचायत के रहने वाले है। जिन्हे सम्पन्न बताया जा रहा है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्लेन क्रैश में अभिनेता ओलिवर की दो बेटियों सहित मौत

**लॉस एंजेलिस।** अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उनका विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कैरेबियन सागर



में गिर गया। ओलिवर, जॉर्ज क्लूनी के साथ ₹द गुड जर्मन₹ और 2008 की एक्शन-कॉमेडी ₹स्पीड रेसर₹ में बड़े पर्दे पर दिखाई दे चुके थे।

उनकी मौत की पुष्टि रॉयल सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस पुलिस फोर्स ने कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना के बाद मछुआरे, गोताखोर और तटरक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से चार शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान 51 वर्षीय ओलिवर, उनकी दो बेटियां मदिता (10 वर्ष), एनिक (12 वर्ष) और पायलट रॉबर्ट सैक्स के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विमान गुरुवार दोपहर के तुरंत बाद ग्रेनाडाइन्स के एक छोटे से द्वीप बेक्विया से सेंट लूसिया की ओर जा रहा था। माना जा रहा है कि अभिनेता परिवार के साथ छुट्टियों पर थे। कुछ दिन पहले ओलिवर ने इंस्टाग्राम पर एक उष्णकटिबंधीय समुद्र तट की तस्वीर पोस्ट की थी और कैप्शन में लोगों को नए साल की बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था, ₹स्वर्ग में कहीं से शुभकामनाएं... कम्यूनिटी और प्यार के लिए...2024 हम यहां आए हैं।ओलिवर के करियर की बात करें तो वे 60 से अधिक फिल्म और टीवी शोज का हिस्सा रह चुके थे। जिसमें टॉम क्रूज की फिल्म ₹वाल्किरी₹ में एक छोटी भूमिका भी शामिल थी।

### टॉलीवुड

## नागा चैतन्य की 'थंडेल' के टीजर में गूंजा भारत माता की जय

**चेन्नई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। कुछ ही समय पहले फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ, जिस पर लोगों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया। वहीं, अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। यह लुक फैंस को उत्साहित कर रहा है। साथ ही नागा चैतन्य ने



श्रीकाकुलम स्लैंग का भी सही इस्तेमाल किया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। नागा चैतन्य अंततः कराची जेल में हैं, लेकिन इससे उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ता है। जब पाकिस्तानी अधिकारी भारत के बारे में गलत बातें करते हैं तो नागा चैतन्य कहते हैं कि पाकिस्तान तो भारत से अलग हुआ एक छोटा सा टुकड़ा है। इस झलक में नागा चैतन्य का भारत माता की जय कहना पूरी तरह से रोंगटे खड़े कर देने क्षण है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया। झलक से ऐसा प्रतीत होता है कि चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी यह फिल्म चैतन्य के करियर की एक ऐतिहासिक फिल्म होने वाली है। फिल्म का निर्माण बनी वास द्वारा किया जा रहा है।

'थंडेल' चैतन्य और साई पल्लवी के बीच उनकी 2021 की सफल रिलीज 'लव स्टोरी' के बाद दूसरे सहयोग का प्रतीक है।

### भोजपुरी

## जय संतोषी मां अब भोजपुरी में भी रिलीज को तैयार

**पटना।** हिंदी में साल 1975 में जय संतोषी मां रिलीज हुई थी और इसे काफी पसंद किया गया था. अब भोजपुरी में भी फिल्म का निर्माण हो रहा है।जी हां, रेणु



विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'जय संतोषी मां' की शूटिंग संपन्न हो गयी, जिसमें भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी, जय यादव, मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल,धर्मेंद्र के मेहरा और निर्देशक रवि सिन्हा हैं। रानी चटर्जी पहली बार निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म में नजर आने वाली है।इस फिल्म की शूटिंग पूरी भव्यता के साथ की गयी है। फ़ल्मि में संतोषी मा का किरदार कौन निभा रही है इस पर संस्पेंस है। निशांत उज्ज्वल ने बताया कि फिल्म 'जय संतोषी मां' एक पारिवारिक और धार्मिक कहानी से प्रेरित फिल्म है, जिसका निर्माण हम लोग वर्तमान समय के हिसाब से किया हैं। इस फिल्म में रानी चटर्जी की भूमिका बेहद अहम है वहीं जय यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। निशांत ने आगे बताया कि हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म बनाएं जो मनोरंजन के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक समृद्ध विरासत से दर्शकों रूबरू हो सके। यह फिल्म एक घटना पर आधारित है जिसमें मां संतोषी की परंपरा महिमा को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी फिल्म की कहानी रिवील नहीं कर सकते लेकिन इतना तय है कि हम इस फिल्म के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। वही फिल्म की अभिनेत्री रानी चटर्जी ने कहा कि फिल्म 'जय संतोषी मां' को लेकर वह एक्साइटेड हैं। फिल्म में उनका महत्वपूर्ण किरदार है, जिसकी तैयारी उन्होंने खूब की है। रानी चटर्जी ने बताया कि फिल्म के संवाद और गाने भी इतनी शानदार होंगे कि दर्शक इसे खुद को जोड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को एक अलग ही अप्रोच के साथ बनाया गया है। मुझे फिल्म में काम करके खूब मजा आया है और यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तब दर्शकों को भी इसे खूब मनोरंजन मिलेगा।

निर्देशक रवि सिन्हा इंडस्ट्री के मंजे हुए निर्देशकों में से हैं उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है।

## लाइफ स्टाइल

### डायर विंटर का जलवा

डायर ऑटम-विंटर 2023-2024 की फैशन के दीवानों के लिए खास अहमियत है। मारिया ग्राज़िया चिउरी के लिए इस फैशन शो में प्रत्येक कलेक्शन शरीर और फैशन के संबंध में कपड़ों का महत्व प्रतिबिंबित करने का अवसर है। न्यूयार्क में हर साल दो बार होने वाले इस फैशन शो की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी। तब से हर साल दुनिया भर के फैशन डिजाइनर और मॉडल यहां पहुंचते रहे हैं।



## हेयर वॉश करते हुए करें मेकअप रिमूवर के इस्तेमाल से मिलेगा लाभ

हेयर वॉश करते हुए शैम्पू का इस्तेमाल तो हम सभी करते हैं। लेकिन इस दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करने से आपको कुछ बेमिसाल फायदे मिल सकते हैं। जब भी हेयर केयर रूटीन की बात होती है तो सबसे पहले हेयर वॉश का नाम लिया जाता है। बालों की क्लीनिंग करना उसकी केयर करने का सबसे पहला स्टेप है। अमूमन बालों को क्लीन करने के लिए हम सभी अपने हेयर टाइप के अनुसार शैम्पू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी बालों की क्लीनिंग के लिए मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया है।

सबसे पहले अपने बालों को अच्छी तरह



गीला कर लें अब अपनी हथेलियों पर मेकअप रिमूवर लें ताकि आप हेयर वॉश कर सकें। अब अपने बालों व स्कैल्प पर इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब अपने बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें। अब आप अपने बालों को रेग्युलर शैम्पू और कंडीशनर की मदद से क्लीन करें। अगर हेयर वॉश के दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। - समय के साथ बालों पर हेयरस्प्रे, जेल या मूस जैसे स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जमा हो जाते हैं।

## इस तेल के इस्तेमाल से कमर तक लंबे हो सकते हैं बाल, जानें कैसे?

बालों को लम्बा करने के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा तेल जो आपके बालों को कमर तक लम्बा करने में सहायता करेगा। साथ ही बताएंगे इसके फायदे। एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि बालों को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो बालों को हर तरह के इन्फेक्शन से बचाता है। सरसों का तेल बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर का काम करता है। बालों को नौरिश करने से लेकर फ्रीजीनेस को कम करने में सहायता करता है। सबसे पहले एक बाउल में बालों की लेंथ के अनुसार सरसों के तेल की निकाल लें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर मिला लें।



## सर्दियों में शादी अटेंड करने अपनाएं खास ड्रेस



फैशन

शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है।

### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

### ऐसे फुटवियर को चुनें

अगर आप अपने पैरों को कवर करके रखेंगी तो ठंड से बचाव हो सकता है। ऐसे में एथनिक वियर के साथ मोजरी जैसे फुटवियर का चुनाव करें, जोकि आगे से बंद हों। इसके साथ से लिए आपको मोजे भी मिल जाएंगे।

## पार्टी में ब्लैक की ख्वाहिश हो तो अपनाइए यह कलेक्शन

अगर आपको कहीं पार्टी में जाना है तो इसके लिए आप प्लाजो पैंट विद जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। माधुरी दीक्षित ने कुछ इसी तरीके का ट्राई किया है। इसमें फ्लोरल प्रिंट किया जता है, साथ ही इस कपड़े को शिमर चूज किया गया है ताकि जब कोई भी इसे पार्टी के लिए वियर करे तो वो सुंदर नजर आए। उनके इस लुक को तरंग अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया है। आप भी इसी तरीके के आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर आपको ये 2000 से 2500 में मिलेगी।

नाइट पार्टी के लिए सोनाक्षी सिन्हा का ये लुक काफी अच्छा है। इसमें उन्होंने बॉडीकॉन शॉट ड्रेस को स्टाइल (इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स) किया है। जिसमें मिरर वर्क जैसा पैटर्न डिजाइन किया गया है। इस ड्रेस में काफी स्टाइलिश और सुंदर नजर आ रही हैं। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। उनके इस लुक को Tarang Agarwal द्वारा तैयार किया है। लेकिन आप मार्केट से जाकर इस तरह की ड्रेस की शॉपिंग कर सकती हैं। जिसे आप 1000 से 2000 में अच्छे डिजाइन के साथ खरीद सकती हैं।



### ब्लैक मैक्सी ड्रेस

कहीं घूमने जाने का प्लान है तो आप इस ब्लैक मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। ये बेस्ट और सबसे अच्छा (इयररिंग्स डिजाइंस) ऑप्शन है। इसमें आपको पूरे में छोटे-छोटे प्रिंट मिलेंगे। साथ में ऊपर नेक पर अच्छा काम मिलेगा। इसे आप स्टाइल कर सकती हैं ये काफी सुंदर लगती है और कम्फर्टेबल भी होती है आप इसके साथ चाहे तो स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस बार ब्लैक ड्रेस के इन ऑप्शन को ट्राई करें आप काफी सुंदर और सबसे अलग नजर आएंगी।

## क्रॉप्ड पैंट पहनने का क्या है सही स्टाइल जानिए जरूरी टिप्स, पाइए परफेक्ट लुक

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है।

इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी? इसका जवाब है ये पेंट



जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए। अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें। इसके साथ आप स्लिप स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

### कार्नर न्यूज

## सर्द मौसम में फैशन के लिए परफेक्ट च्वाइस जरूरी

# अधूरे विंटर फैशन को कहें बाय-बाय, स्वेटर- जैकेट के अलावा इन चीजों को पहनकर पाएं कंप्लीट लुक

*सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है। इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशनको अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।*



### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

**ट्रेंच कोट :** सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे।

अगर आप केवल सिंपल कोट, जैकेट, ब्लेजर आदि पहनते हैं तो फिर एक बार ट्रेंच कोट को विंटर वार्डरोब में शामिल करें। इस तरह के कम से कम एक कोट को अपने लिए जरूर रखें।

**ट्रेंच कोट कैसे पहनें? :** इसको चेक्ड शर्ट और ब्लैक शर्ट के साथ पहन सकते हैं। इसके अलावा आप इसे सॉलिड कलर की स्वेटशर्ट, जंपर्स और टी-शर्ट के साथ लेयरिंग कर सकते हैं।

**कार्डिगन :** कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

**कैसे पहनें कार्डिगन :** कार्डिगन को ट्राउजर्स और जींस के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ जंपर्स या टी-शर्ट पहनना सही हो सकता है। इससे आपका विंटर लुक परफेक्ट दिखेगा। इसे किसी भी हाइट के लड़के पहन सकते हैं। इसके साथ स्नीकर्स को पहनना सही होगा। विंटर सीजन में कई प्रकार के कैप होते हैं। मगर अधिकतर लोग एक ही टाइप के विंटर कैप में दिखाई देते हैं।



## खबर संक्षेप

### मधुमक्खियों के हमले में महिला समेत दो की मौत

**अम्बिकापुर।** मधुमक्खियों के अलग अलग हमले की घटना में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। ग्रामीणों को उपचार के लिए गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर अंतर्गत ग्राम बेलदगी धुईभवना निवासी 65 वर्षीय रामहित सिंह पैकरा आ. स्व. जगत राम पैकरा 5 जनवरी को मनखाडिहारी जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। इसके साथ ही दूसरी घटना घटना मणिपुर थाना अंतर्गत रामपुर की है। रामपुर निवासी 55 वर्षीया रामबाई पति श्याम लाल पनिका घर के समीप काम कर रही थी इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने वृद्धा पर हमला कर दिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर परिजन व आस पास मौजूद लोगों ने कंबल डालकर उसे बचाया और रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले में दो की मौत के बाद मामले में अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

### एसडीएम ने अवैध रेत उत्खनन कर रहे वाहनों को किया जब्त

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी रेत का अवैध कारोबार में लगाम नहीं लगाई जा सकी है।रेत माफिया अब भी रेत के अवैध कारोबार में सक्रिय हैं।रेत के अवैध कारोबार चलने की सूचना पर शनिवार शाम नवपदस्थ एसडीएम सुरजपुर आई ए एस लक्ष्मण तिवारी ने नायब तहसीलदार मानी हिना टंडन के साथ राजापुर रेड नदी पहुँचे तो देखा कि दो मिनी ट्रक रेत लोड कर निकल रहे है, इनको रोकने के दौरान वाहनों के चालकों ने गाड़ी को लॉक कर मौके से भाग निकले।दोनों वाहन बिना नम्बर के थे।इसके अतिरिक्त दो अन्य ट्रेक्टर रेत लोड हालत में जयनगर पुलिस के अभिरक्षा में सौंपा गया है। बता दें कि दो माह पूर्व इसी रेत घाट में अठारह से बीस वाहन मध्य रात्रि में रेत परिवहन में लगे थे। तब कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुखबिर की सूचना पर एसडीएम को भेजकर कार्यवाही कराई थी, इसमें दस से अधिक रेत लोड वाहनों को जप्त कर जयनगर थाने खड़ी कराया गया था। उक्त मामले में जप्ती कार्यवाही के दौरान थाने में खड़ी कराई गई आठ से दस वाहन अब तक छूट नहीं पाई हैं।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 19 से रामपुर में

**चलगली।** क्षेत्र के रामपुर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रामपुर स्थित सजुवन पाट दुर्गा मंदिर परिसर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 19 से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। चार दिवसीय महायज्ञ में 19 जनवरी को प्रातः 10 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जबकि शाम 4.30 से 7.30 बजे तक आदिशक्ति गायत्री युग शक्ति गायत्री प्रज्ञा पुराण कथा महत्व पूजन किया जाएगा। 20 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान प्रज्ञा योग, प्रातः 8 से 12 बजे तक देवआवाहन गायत्री यज्ञ आहुति, शाम 4.30 से 7.30 बजे तक संगीतमय प्रवचन एवं प्रज्ञा पुराण कथा, 21 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामुहिक कजप, ध्यान प्रज्ञा योगव्यायाम, 8 से 12 गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार, शाम 4.30 से 7.30 तक संगीतमय प्रवचन एवं दीप यज्ञ, 22 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान प्रज्ञा योग व्यायाम, प्रातः 8 बजे से यज्ञ युगतीर्थ, शांतिकुंज सन्देश, गायत्री महायज्ञ व 12 बजे से पूर्णाहुती प्रसाद वितरण एवं टोली विदाई किया जाएगा। वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपोत्सव एवं रामनाम हरिकीर्तन अखंड कार्यक्रम शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक किया जाएगा।

## निधन

### मंगलदास महंत



**कोरबा।** बरेडीमुड़ा निवासी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश दास महंत के पिता मंगलदास महंत का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व. मंगलदास महंत के निधन पर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ-साथ राजेन्द्र तिवारी, सुधीर जैन, विनोद अग्रवाल, धुरपाल सिंह कंवर, मनीराम साहू, रामायण दास महंत, आशीष अग्रवाल, अमरदास, पुरान दास, रतन यादव, राकेश सारथी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. एलपी साहू, संजय अग्रवाल, अंतराम प्रजापति, देवीदयाल तिवारी, सुनील पटेल आदि ने मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की हैं।

### ग्राम पंचायत नवागांव कला में शिविर का आयोजन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से नागरिकों को मिलेगा लाभः प्रेमचन्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम में उपस्थित कटघोरा विधायक व अन्य।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायत नवागांव कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल के मुख्य अतिथि में किया गया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत के सभी नागरिकों के द्वारा सभी मंचस्थ अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया।

सरपंच ने उपस्थित सदन को इस संकल्प शिविर से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया कि किस प्रकार से मोदी सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ हम किस प्रकार से ले सकते हैं साथ ही शिविर में अधिकारियों के द्वारा आम नागरिकों के प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी दी जा रही है व इस आयोजन में योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए व उनकी समस्याओं का भी तुरंत समाधान किया गया शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचन्द पटेल विधायक कटघोरा ने उपस्थित सभी नगरवासियों को सत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने में अपनी सहभागिता निभाने के लिए शपथ दिलाते हुए बताया कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश ने डबल इंजन की सरकार बन गई है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप सभी लोगो के बारे में हमेशा सोचते रहते हैं व लगातार आप लोगो के लिए किन योजनाओं को और प्रारम्भ किया जाए इन्ही पर विचार करते रहते हैं साथ ही शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने का कार्य के लिए एल ई डी स्क्रीन लगे वेनिटी वैन को सभी जगह पर भेजा जा रहा है जिसके माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किये गए विकास कार्यो के बारे में बताया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, जिला मंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे सरपंच अमृता सिंह, मण्डल प्रभारी टेकचन्द अग्रवाल, जनपद सदस्य बैसाखू यादव, महामंत्री राजेन्द्र टण्डन, मण्डल कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, हीरानंद पंजवानी उपाध्यक्ष, संयोजक डॉ गोपाल गोस्वामी, सह संयोजक अजय दुबे, ईश्वर कध्यप बीईओ कटघोरा, देवेंद्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष, लक्की नंदा, मन्नू रॉठौर, दिलीप पटेल, जगराम यादव, राजीव निर्मलकर, रामचरण देवांगन उपस्थित रहे।

# जयसिंह ने स्वीकृत सड़कों के निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

कोरबा अंचल के सर्वांगीण विकास के प्रति कृत संकल्पित पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शासन द्वारा स्वीकृत विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के लिए शीघ्र निविदा जारी करने हेतु प्रदेश के उप मुख्य मंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को पत्र लिखा है।

उप मुंख्यमंत्री श्री साव को लिखे पत्र में पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि कोरबा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे भारी वाहनों के दबाव से आम जनता को राहत पहुंचाने की दृष्टि से दर्री बरॉज से बरमपुर तक लगभग 8-5 किलोमीटर लम्बाई की कैनाल रोड को 2 लेन सीसी रोड निर्माण किए जाने के लिए उनके द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से 83 करोड़ राशि की स्वीकृति करवाई जा चुकी थी और प्रथम किस्त के तौर पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन के पास राशि जमा भी करवा दिया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश में विधान सभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए निविदा जारी नहीं करवाया जा सका था। इसी प्रकार कोरबा से चांपा को जोड़ने वाली सड़क के लिए सीतामणी—कोरबा से उरगा स्थित होटल रिलैक्स इन के पास निर्माणधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के मिलन बिन्दु तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य पर अनुमानित लागत लगभग 130 करोड़ और सीएसईबी चौक से दर्री बरॉज तक तैयार हो चुके 4 लेन सीसी रोड के मार्ग में पड़ने वाले पुल-पुलिया के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत 36 करोड़ के लिए भी शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस 4 लेन सड़क व पुल-पुलिया निर्माण कार्य की अनुमानित कुल लागत 166 करोड़ राशि की स्वकृति शासन द्वारा पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इन कार्यों के लिए भी आचार संहिता लागू होने के कारण निविदा जारी करने का कार्य नहीं करवाया जा सका था। कोरबा शहर को भारी वाहनों के दबाव से राहत दिलाने की दृष्टि से उक्त निर्माण कार्यों की आवश्यकता पर बल देते हुए स्पष्ट किया कि उक्त दोनों सड़क मार्ग का कार्य पूर्ण हो जाने से कोयला परिवहन अथवा अन्य कार्यों के लिए कोरबा आने-जाने वाले भारी वाहनों से कोरबावासियों को बहुत राहत मिलेगी और शहर के बीच लोगों को ट्रॉफिक जाम की स्थिति से भी राहत मिल सकेगी। वर्तमान सरकार के उप मुख्यमंत्री व प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को सम्बोधित पत्र में अनुरोध किया गया है कि उपर्युक्त सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ करवाने के लिए सरकार द्वारा यथाशीघ्र आवश्यक निविदा जारी करने का कष्ट करें।

# मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



कार्यक्रम में उपस्थित भाजयुमो पदाधिकारी।

भाजयुमो युवा मोर्चा की कार्यसमिति एव मंडल सशक्तिकरण बांकीमोंगरा युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय शर्मा के नेतृत्व में बांकीमोंगरा वार्ड क्रमांक 66 शक्ति केंद्र 85 सामुदायिक भव शांति नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनूप यादव जिला महामंत्री युवा मोर्चा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत रहे एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने मंडल सशक्तिकरण पर अपना वक्तव्य दिया। मंडल के प्रभारी इन प्रमुख प्रमुख बिन्दु पर अनूप यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्य समिति कार्यकर्ताओं के लिए क्यों जरूरी है इसका उदाहरण इस प्रकार दिया कि जिस तरह अनट्रेंड आदमी कभी अपने जीवन में सफल नहीं होता किसी भी काम को सफल करने के लिए ट्रेनिंग जरूरी है इंसान को हमेशा सीखने की भूख होनी चाहिए तभी वह आगे बढ़ पता है जिस तरह किसी बिल्डिंग की नींव उसके पिलर से होती है इस तरह 2024 के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की नींव मंडल से है भाजपा की मंडल सशक्तिकरण करने के लिए हमें संयोजक एवं सहसंयोजक बनाने पड़ेंगे साथ ही हर शक्ति केंद्र में प्रभारी नियुक्त करने होंगे जिससे वह उस मंडल की मॉनीटरिंग कर सके उनके कार्यक्रमों की और उनके आयाम की जो कार्यकर्ता हमसे रूठ कर बैठे हैं हमें उनके पास भी जाकर उन्हें मनाना है और उनको फिर से ऊर्जा के साथ आयाम में आगे काम में लगाना है हर प्रभारी जो नियुक्त किए गए होंगे शक्ति केंद्र में 9 दिन के प्रवास पर रहेंगे हमें मंडल स्तर में सोशल मीडिया की मीडिया की टीम गठित करनी है मजबूत हमें नए मतदाताओं से मिलना है एवं उनका मोदी जी ने युवाओं के लिए क्या किया है यह बताना है मुख्य वक्ता के रूप में मंडल अध्यक्ष रहे एवं उनका विषय 2024 में चुनाव प्रबंधन को लेकर रहा केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियां को गिनवाते हुए उन पर विस्तृत चर्चा की।

# दूरस्थ ग्रामों में आयोजित किए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिविर में उपस्थित क्षेत्रवासी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड कटघोरा के ग्राम नावगांवकला व लोतलोतामें, जनपद पंचायत करतला के घाठाद्वारी व जर्वे में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम केराकछार, मौहार दरगा, व बुदेली में, पोड़ी उपरोड़ा जनपद के झिनपुरी, व बुढ़ापारा, कुरथा में तथा विकासखंड पाली के ग्राम परसदा, बापापूती व शिवपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है।

# 37 हाथियों का दल पहुंचा कल्याणपुर जंगल





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ किसानों की फसलों को किया नुकसान, मकान को भी किया क्षतिग्रस्त

सरगुजा व बलरामपुर जिले के सरहद पर एक बार फिर से हाथियों का उत्पात देखने को मिल रहा है।जहां हाथियों ने कई एकड़ में लगे गन्ने और गेहूं की फसलों को खाकर नुकसान पहुँचाया है साथ ही किसानों के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर इलाके में 37 हाथियों का दल आ गया है। हाथियों का दल बीती रात वन परिक्षेत्र सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पहुंचकर खेत में लगे करीब 10 एकड़ से ज्यादा भूमि पर लगे गन्ना व गेंहू के फसल को बर्बाद कर दिया है। साथ ही हाथियों के दल द्वारा गांव के ईश्वर प्रसाद के घर को भी उजाड़ दिया है, जबकि इस दौरान पूरा परिवार घर में सो रहा था। हाथियों की आवाज सुनकर परिवार सहित ईश्वर सिंह ने किसी प्रकार घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग मौके पर पहुंचकर अब नुकसान हुए फसल एवं मकान का अवलोकन शुरू कर दिया है। बहरहाल हाथियों का कहर से ग्रामीणों के सिर से छत और उनके मेहनत से उगाई गई फसलें चौपट हो रही है। सूरजपुर डीएफओ पंकज कमल ने बताया कि सूरजपुर में हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर जंगल से सटे गांव में फसलों और घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है। ज्ञात हो कि कुछ महीने पूर्व ही कल्याणपुर गांव में हाथियों के दल ने घर के आंगन में सो रही एक महिला को फुटबाल की तरह खेलते हुए उसकी कुचलकर नृसंश हत्या कर दी थी । बताया गया कि उक्त हाथियों का दल कुछ दिन पूर्व सरगुजा जिले के शहर के करीब आकर डेरा जमाए हुए थे।

# एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल



**लखनपुर।** रविवार की देर शाम एनएच 130 पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा मामले में ट्रक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय फेकू राम राजवाड़े अपने साथी विशेष राम राजवाड़े के साथ बाइक से भिट्ठीकला स्थित सुसराल से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम 6.30 बजे एनएच 130 पर रजपुरी ग्राम में तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर में फेकूराम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विशेष राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही शव को पीएम हेतु मर्च्युरी में रखवाया गया है। लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी के बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को मर्च्युरी में रखा गया है। इसके साथ ही ट्रक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

### पीजी कॉलेज का रासेयो शिविर प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयों इकाई का सात दिवसीय शिविर शनिवार को प्रारम्भ किया गया। शिविर में पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अनिल सिन्हा ने स्वयंसेवकों को रासेयों के उद्देश्यों एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डा.खालिद हुसैन ने शिविर में संचालित जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभाव के बारे में बताया। इस दौरान डॉ.यूपी शर्मा, डॉ.हाजरा बानो, डॉ.सुषमा भगत, डॉ.विश्वासी एक्का, दीपक अम्बष्ट, सोमेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रीता सिंह ने किया।

## कोरबा मार्केट




# फाइनल मैच जीत सपकरा की टीम बनी विजेता

**मानीचौक।** ग्राम मानी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला हर्रा टिकरा व सपकरा के मध्य खेला गया जिसमें सपकरा की टीम जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। सपकरा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 91 रन बनाकर हर्रा टिकरा की टीम को 92 रनों का लक्ष्य दिया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी हर्रा टिकरा टीम मात्र 51 रन पर सिमट कर रह गई जिससे सपकरा की टीम ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि संत सिंह ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। जब तक ओवर के आखिरी गेंद फेंक नहीं लेते तब तक किसी भी टीम को हार नहीं मानना चाहिए। दोनो ही टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन कर खेल भाव से खेला। फाइनल मैच में हार जीत नहीं बल्कि विजेता उपविजेता होती है। अतिथियों ने विजेता टीम को 15 हजार व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 8 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया।



## खबर संक्षेप



### योग आयुर्वेद स्वदेशी शिक्षा व वैदिक सनातन संस्कृति के लिए समर्पितः रजनीश

**कोरबा।** पतंजलि चिकित्सालय में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार संस्था भारत स्वाभिमान एवं दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के 29वें स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन के पुत्र रजनीश देवांगन की उपस्थिति रही। उन्होंने मुख्य अतिथि की आसंदी से भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार द्वारा आयुर्वेद स्वदेशी एवं वैदिक संस्कृति की जन सेवा भावना की सराहना करते हुए पतंजलि परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग आयुर्वेद स्वदेशी शिक्षा एवं वैदिक सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण हेतु पतंजलि परिवार पाल-पाल समर्पित भावना से काम कर रही है निश्चित तौर पर योग हमारे जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। योग के माध्यम से देश दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा। कार्यक्रम में आयोजक पतंजलि भारत के संरक्षक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, डॉ.देवेंद्र कश्यप.योग शिक्षक दुर्गेश राठौर. पतंजलि परिवार से संजय कुर्मवंशी, भाजपा कोसाबाड़ी मंडल के महामंत्री दिनेश वैष्णव, संजय वैष्णव, दुर्गेश राठौर, भगवती अग्रवाल, आभा दुबे, विक्रम यादव सहित पतंजलि परिवार सहित भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो युवकों से गांजे की खेप जब्त

**कोरबा।** रजगामार चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा की खेप लेकर निकलने वाले हैं सूचना पर पुलिस की टीम ने भुलसीडीह फरेस्ट बेरियर के पास घेराबंदी की थी। जहां पुलिस की टीम ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एएम 9610 में सवार कुआंभट्ठा निवासी मोहन मिंज 24 वर्ष पिता गोपाल मिंज और विवेक रात्रे 25 वर्ष पिता वाल्मिकी रात्रे सवार थे। जिन्हें रोककर पुलिस ने तलाशी ली तो एक पॉलीथिन में 940 ग्राम गांजे की खेप जप्त की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत महिला द्वारा थाने में अपराध दर्ज कराया कि बांकीमोगरा के बनवारी साइड



अंबेडकर निवासी ईश्वर साहू 31 वर्ष पिता भरत लाल साहू के द्वारा उक्त महिला के घर बीती रात्रि लगभग 9 बजे महिला के घर जाकर छुप कर बैठा था और लगभग 10 बजे महिला द्वारा जब पानी पीने बाथरूम के लिए उठी तो उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ एवं मारपीट करने लगा और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान महिला ने ईश्वर साहू को एक रूम में बंद कर दिया जिसके बाद महिला ने अपने पति को सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 को फोन कर सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 354, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे जेल भेज दिया है।

### तमनार में श्रीराम चरण पादुका का भव्य स्वागत

**तमनार।** 15 दिसंबर से श्रीलंका से अयोध्या के लिए चली राम राज्य युवा यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यह यात्रा राम वन गमन पथ होते हुए अनुसार आज अपरान्ह 2 बजे तमनार पहुंची। समस्त तमनार वासियों को गायत्री मंदिर परिसर में श्री राम चरण पादुका एवम सीताराम चरण पादुका के दर्शन का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर विहिप के अध्यक्ष सुखदेव पटनायक एवं गीतांजलि पटनायक, हरेराम सिदार, उपाध्यक्ष, जयराम सिदार सचिव, नीलांबर पटनायक विजय बहिदार, मीर पटनायक दिनेश पटनायक, अजय दास, रूपचंद गुप्ता, कमल लोचन बेहरा, संजय बेहरा,योगेश गुप्ता, उग्रेशन साहू, जागेश्वर यादव, मीता पटनायक सहित सदस्य मौजूद रहे।

#### डीओ कटने के बाद भी उठाव के लिए नहीं पहुंच रहे राइस मिलर्स के वाहन

# मार्कफेड की लचर परिवहन व्यवस्था से 121 करोड़ के धान पर मंडराया बारिश का खतरा



इस तरह धान केंद्र में हो रही है धान की खरीदी।

**बंफर लिमिट नहीं हुआ पार**

पर्याप्त डीओ काटा जा चुका है पूरे प्रदेश में बेहतर स्थिति में है। बंफर लिमिट से अधिक किसी भी केन्द्रों में धान जाम नहीं है। खरीदी दिवस में समितियों द्वारा राइस मिलरों के वाहनों को लोडिंग पॉइंट नहीं देने की वजह से अवकाश दिवस में उठाव में तेजी आती है। दीगर जिले से धान के उठाव का डीओ जारी नहीं किया गया है।

**-जान्हवी जिल्हारे,** डीएमओ, कोरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मार्कफेड की लचर परिवहन व्यवस्था से जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए 121 करोड़ 25 लाख 14 हजार 605 रुपए के धान पर खतरा मंडरा रहा। 5 लाख 55 हजार 435 क्विंटल के धान अब भी खरीदी के बाद उपार्जन केंद्रों में उठाव के इंतजार में हैं। मार्कफेड के 99 प्रतिशत डीओ काटे जाने के दावों के बीच आसमान में पिछले 18 घण्टों से छाए घने बादल ने समिति प्रबंधकों की नींदें उड़ा दी है। बेमौसम बारिश होने पर रखरखाव के तमाम व्यवस्थाओं के बीच धान को पूर्णतः सुरक्षित रख पाना एक चुनोती होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक नगद एवं लिंकिंग व्यवस्था के तहत पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है जिले के 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है। जिले को इस साल 25 लाख 70 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 50 हजार 912 किसानों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य किया जाना है। मोदी की गारंटी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी एवं 2 साल का बोनस का वादा पूरा होने से किसान धान बेचने जबरदस्त उत्साह दिखा रहे। जिले में अब तक 26 हजार 652 किसान 14 लाख 46 हजार 423 क्विंटल धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विंटल पर इसकी कीमत 315 करोड़ 75 लाख 43 हजार 198.80 रुपए की है। जिसका किसानों को सहकारी बैंकों के सभी 6 शाखाओं के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। हालांकि अभी भी जिला तय लक्ष्य का 50 फीसदी ही धान की खरीदी का लक्ष्य पूरा नहीं कर सका है। जिसे देखते हुए उपार्जन केंद्रों की प्रतिदिन धान खरीदी की औसतन लिमिट लगभग दोगुनी कर दी गई है। प्रतिदिन औसतन 50 हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो रही। अचानक लिमिट बढ़ाए जाने से समितियां वैसे ही हैरान थीं, राइस मिलरों द्वारा डीओ काटे जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं करने की वजह से समितियों में जाम के हालात निर्मित हो रहे। धान खरीदी के 72 घण्टों के भीतर केंद्रों से उठाव के मार्कफेड के दावों की इस साल भी हवा निकल गई है। अभी भी केंद्रों में 5 लाख 55 हजार 435 क्विंटल धान जाम पड़े हैं। समर्थन मूल्य पर जाम पड़े धान की कीमत 121 करोड़ 25 लाख 14 हजार 605 रुपए की है। इधर मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 72 घंटे तक बादल एवं हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। शनिवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे, समितियों के कर्मचारियों को तारपोलीन से ढंकने कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। समिति के कर्मचारियों को खराब मौसम में काटे जा चुके टोकन में किसानों से धान खरीदी के साथ ही धान की सुरक्षा में जद्दोजहद करना पड़ रहा। ऐसे में उपार्जन केंद्रों में रखे गए धान को बारिश से बचाने समितियों को खूब पसीना बहाना पड़ेगा। अगर बारिश में धान भीगते हैं तो जीरो शार्टेज पद्धति की वजह से समितियों को शार्टेज की भरपाई करनी पड़ेगी।

**24 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दोगुना से अधिक धान जाम**

मार्कफेड की लचर परिवहन व्यवस्था की वजह से 24 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से 2 से 3 गुना अधिक धान जाम हैं। ऊपर से डीओ कटने के बाद भी राइस मिलरों के वाहन नहीं आने से केंद्रों में पांव रखने की जगह नहीं है। 10 हजार क्विंटल से अधिक मात्रा में धान जाम होने वाले उपार्जन केंद्रों में अखरापाली, उतरदा, कनकी, करतला, केरवाद्वारी, कुल्हरिया, कोथारी, कोरकोमा, कोरबी (पाली), कोरबी (पोंड़ी उपरोड़ा), चैतमा, चिकनीपाली, तुमान, नवापारा, बेहरचुआं, निरधी, पोंडी, फरसवानी, बरपाली (कोरबा), बरपाली (बरपाली), भैसमा, भिलाईबाजार, रामपुर, श्यांग एवं सिरमिना शामिल हैं।

# आधा दर्जन युवकों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरीडीह निवासी झामलाल कोसले ने थाने में बांगो थाना में रिपोर्ट लिखाई है कि वह केईसी इंटरनेशनल रेलवे साईडिंग कैंप आमाटिकरा में वेल्डर फिटर का काम करता है। 6 जनवरी की शाम 7 बजे काम कर कैंप के पास खाना बनाकर आराम कर रहा था तभी झामलाल के साथ फूलसाय पटेल था। उसी समय सोनू राजवाड़े, लखन यादव, फलेश्वर राजवाड़े, अवधेश यादव एवं डिल्लू यादव आये और बिना किसी कारण के एकराय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये, पहले हाथ मुक्का से मारपीट किये उसके बाद लखन यादव के द्वारा राड से झामलाल के पीठ, बांये कांख के नीचे मारा है जिससे झामलाल को अंदरूनी चोट लगा है। उसके बाद झामलाल ने राजेन्द्र महिलांगे को फोन कर बुलाया उसके आने के बाद सोनू राजवाड़े के द्वारा राड से राजेंद्र के सिर पर वार किया गया जिससे उसका सिर फटकर गया। उसके बाद पांचो सोनू राजवाड़े, लखन यादव, फलेश्वर राजवाड़े, अवधेश यादव एवं डिल्लू यादव के द्वारा दूसरे कैंप में जाकर रजिन्दर भुंईया, सुनील भुंईया एवं कामेश्वर भुंईया को गंदी गंदी गाली गलौच कर डण्डा एवं राड से मारपीट किये हैं, लखन यादव के द्वारा डण्डा से मारने पर रजिन्दर भुंईया के बांये हाथ एवं बांये पैर में चोट लगा है एवं सुनील भुंईया को सोनू राजवाड़े एवं अवधेश यादव के द्वारा डण्डा से पीठ एवं बांये हाथ में मारपीट करने से चोट लगा है तथा कामेश्वर भुंईया को फलेश्वर राजवाड़े एवं डिल्लू यादव के द्वारा डण्डा एवं राड से मारपीट कर बांये हाथ में चोट पहुंचाये हैं। झामलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने सोनू राजवाड़े पिता कामता प्रसाद राजवड़े, फलेश्वर राजवाड़े कामता प्रसाद राजवाड़े, लखन यादव जगदीश प्रसाद यादव, अवधेश यादव सुखलाल यादव, डिल्लू यादव सुखलाल यादव के विरुद्ध धारा 147, 323, 294, 427, 506 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### करंट से युवक की मौत, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला सीतामणी निवासी दुखीराम बरेठ 48 वर्ष पिता घासीराम बरेठ ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि वह भवानी इन्फ्राटेक कम्पनी कोरबा में सुपरवाईजर का काम करता है। इसी कम्पनी में सोनू राणा मिस्त्री का काम करता है जो एल्युमिनियम का काम बिजली करेंट ड्रील मशीन से कर रहा था। वह विवेक अग्रवाल के आफीस शाम 5.30 बजे गया था। काम करने के दौरान सोनू राणा करंट की चपेट में आ गया तब विवेक अग्रवाल माता श्रीमती शांति देवी अग्रवाल द्वारा दुखीराम बरेठ को सोनू के करंट लगने की सूचना दी गई जिस पर सोनू को उपचार हेतु एसईसीएल अस्पताल मुड़ापार ले जाया गया जहां उपचार के दौरान सोनू की मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विद्युत मीटरधारक श्रीमती शांति देवी अग्रवाल के विरुद्ध धारा 304 (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# पढ़ाई में हिंदी व अंग्रेजी के साथ ही घरों में बातचीत के लिए छात्र अपनी मातृभाषा का करें प्रयोग : अजीत



छात्रों से बातचीत करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थानों एकलव्य विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर अजीत वसंत ने पोड़ी उपरोड़ा में आदिम जाति विभाग के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास परिसर में बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियॉ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास परिसर, कमरों, मिनी लाइब्रेरी किचन व शौचालय की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से छात्रावास की दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा का ज्ञान रखने एवं घरों में बातचीत के लिए मातृभाषा का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने निर्धारित मेनू अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हॉस्टल में दर्ज बच्चों की संख्या व रिक्त सीटों की जानकारी लेकर बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। छात्रावास परिसर में अस्थायी रूप से किचन शेड की व्यवस्था करने कहा।

**मरीजों की सुविधाओं का रखें ख्याल**

कलेक्टर अजीत वसंत ने विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा।

# फुटपाथ से दुकान हटा लें व्यापारी, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- निगम प्रशासन ने व्यापारियों को दी चेतावनी



दुकानदार फुटपाथ पर सजाकर सड़क की सूरत बिगाड़ने पर तुले दुकानदारों पर अर्से बाद निगम प्रशासन ने नजर तिरछी की है। सरकार बदलने के बाद एक्टिव मोड पर आए अफसरों ने अल्टीमेटम जारी किया है। अगर तीन दिन में फुटपाथ खाली न किया तो निगम अमला पहुंचकर कार्रवाई करेगा और इस कब्जे को खाली कराया जाएगा।

फुटपाथ पर दुकान सजाने वालों पर निगम प्रशासन कार्रवाई का डंडा चलाने की तैयारी कर रहा है। सरकार बदलने के बाद पहली बार निगम के अफसर एक्टिव दिखाई दिए हैं। निगम ने कोरबा के पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर लगे ठेले और दुकानों को हटाने के लिए पत्र जारी करते हुए 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस बेदखली आदेश के बाद ठेला को दुकान बनाने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय होगा कि प्रदेश में सरकार बदलते ही सड़क पर दुकान सजाकर ट्रैफिक जाम करने वाले कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई का बुलडोजर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा ने पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर फुट पाथ पर बने ठेला नुमा गुमटियों को पक्का कर अन्य दुकानदारी चलाने वाले कारोबारियों को धारा 302 ( 2) के तहत नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में 3 दिन के भीतर कब्जा हटाने कहा गया है। दिए गए वक्त में दुकान न हटाने पर निगम खुद बेदखली की कार्रवाई कर सकती है। बहरहाल निगम के नोटिस जारी होने के बाद सड़क पर दुकान सजाने वाले कारोबारी में लम्बे समय बाद हड़कंप मच गया है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, आवासीय व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन करते हुए बालिकाओं से बातचीत कर उनकी रूचियों, जरूरतों, शिक्षा व्यवस्था एवं आवासीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु उनका मार्गदर्शन किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने 10वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं से बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अधीक्षिका को कमजोर छात्राओ के लिए सम्बन्धित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा। ताकि बोर्ड परीक्षा की उनकी तैयारी समय रहते पूर्ण हो सके।

# पीव्हीटीजी बसाहट समेलीभांठा का दौरा किया कलेक्टर ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने आज पोड़ी उपरोड़ा जनपद के दूरस्थ वनांचल में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम पंचायत कोनकोना के समेलीभांठा बसाहट का दौरा किया। यहां उन्होंने केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पीव्हीटीजी समुदाय को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए बनाई जाती हैं। ग्रामीणों को अपनी आर्थिक विकास हेतु मेहनत करने के साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है।




#### वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसंबर तक 684.31 मिलियन टन हुआ कोयला उत्पादन

# कोयला उत्पादन में दर्ज की गई 12.47 प्रतिशत की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कोयला मंत्रालय ने दिसंबर 2023 के दौरान कुल कोयला उत्पादन में भारी वृद्धि हासिल की। उत्पादन पिछले वर्ष के 83.86 मिलियन टन के आंकड़े को पार करते हुए 92.87 मिलियन टन तक पहुंच गया है और यह 10.75 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन दिसंबर 2023 में 8.27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.86 मिलियन टन हो गया है, जबकि दिसंबर 2022 में यह 66.37 मिलियन टन था। कोयला उत्पादन (दिसंबर 2023 तक) वित्तीय वर्ष 23-24 में बढ़कर 684.31 मिलियन टन हो गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 22-23 की समान अवधि के दौरान यह 608.34 मिलियन टन था। यह उत्पादन में 12.47 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

दिसंबर 2023 में कोयला प्रेषण 86.23 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो दिसंबर 2022 में 79.58 मिलियन टन था। यह 8.36 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का प्रेषण दिसंबर 2023 में 66.10 मिलियन टन रहा, जबकि दिसंबर 2022 में 62.66 मिलियन टन था और यह 5.49 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 23-24 में संचयी कोयला प्रेषण (दिसंबर 2023 तक) 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 709.80 मिलियन टन हो गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 22-23 की इसी अवधि के दौरान यह 637.40 मिलियन टन था। कोयला क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है, उत्पादन, प्रेषण और स्टॉक का स्तर उल्लेखनीय ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इस वृद्धि में कोयला सार्वजनिक उपक्रमों ने योगदान दिया है और इस प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कोयला आपूर्ति श्रृंखला के समर्पण को रेखांकित करता है, जिससे देश भर में कोयले का निर्बाध वितरण सुनिश्चित होता है। कोयला मंत्रालय निरंतर कोयला उत्पादन और प्रेषण को बनाए रखने, एक विश्वसनीय एवं सुदृढ़ ऊर्जा क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।




